बाजार को समझे बिना न लें बैंकों से कर्ज : महालिंगम

रायपुर। आईआईएम रायपुर में शनिवार को बैंक, जीडीपी, बाजार की स्थित पर फिन-टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के कार्यकारी मंड़ल के सदस्य गुरुमूर्ति महालिंगम छात्रों से रूबरू हुए। अपने अनुभवों को साझा करते हुए परिवर्तनशील वित्तीय लैंडस्केप पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक फाइनेंस बनाम बॉन्ड फाइनेंस को समझना जरूरी है। यदि आप किसी ब्रॉन्ड के आधार उससे कर्ज लेते हैं तो आपको जोखिम उठाना पड़ सकता है। आप सदैव इन बातों को ध्यान दें कि आपकी आवश्यकता कितनी है। बाजार के उतार- चढ़ाव पर आपका कितना साथ बैंक से दिया जाएगा। बाजार को यदि अच्छे से समझना है तो जीडीपी पर अपना ध्यान लगाए रहे। ब्याज दरों और सरकारी नीतियों के प्रभाव के बारे में निरंतर जानकारी लेते रहें।

योजनाओं के आधार पर लें कर्ज: भारत सरकार बहुत से योजनाए आ रही हैं। यदि इन्हें समझ गए तो उसके आधार पर ही कर्ज लें। इससे आपको व्यापार करने में काफी सहूलियत होगी। इसके साथ ही अपनी शर्तें बैंक को बता दें उनके अनुसार कर्ज न लें।